**कार्यालय प्राचार्य**
**बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)**
**Website – www.bcspgcdmt.in**
**E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com**

**NAAC GRADE-B+** | **AISHE CODE- C-21763** | दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 07/03/2023

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवेदन सत्र 2022–23

दिनांक 06.03.2023 को महाविद्यालय के सेमीनार हॉल में दोपहर 12:00 बजे से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिजिटल लैंगिक समानता हेतु नवाचार एवं प्रौद्योगिकी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस2023 की थीम है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त महिला प्राध्यापक अधिकारी/कर्मचारी एवं आगतुंक ,स्व–सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित है। कार्यक्रम शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई।

कार्यक्रम में स्व–सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभी के स्वागत अभिनंदन पश्चात् स्व–सहायता समूह की महिलाओं को आपने कार्यक्षेत्र में आ रही चुनौतियों एवं परिस्थितियों का अनुभव साक्षा करने के लिये क्रमशः आंमत्रित किया गया। श्रीमती लता सोनी स्व–सहायता समूह अध्यक्ष विंध्यवासिनी वार्ड महिला समूह जो दोना पत्तल बनाती है एवं कॉलेज में केण्टीन संचालन करती है ने अपना अनुभव साझा किया। श्रीमती डॉली सोनी अध्यक्ष स्व–सहायता समूह की अध्यक्ष ने बताया कि उनका समूह आचार, पापड़ ,बिजौरी बनाते है। टीफिन सेंटर चलाते है एक–दो लाख ऋण सहयोग भी प्रदान करते है। श्रीमती अन्नपूर्णा कोषाध्यक्ष ने बताया हमारे समूह में पापड़ ,आचार के मार्केटिंग पैनल को बताया एवं किसी के घर मृत्यु हो जाये तो वहां भोजन की व्यवस्था करते है। श्रीमती सुरेखा सोनी ने बताया कि उनका रामायण पार्टी है जिससे वे सामाजिक एवं धार्मिक दोनों कार्य करती है।

स्व–सहायता समूह के महिलाओं को महाविद्याल के सभी महिला प्राध्यापकों ने साल एवं टिफिन देकर सम्मानित किया। जलपान के पश्चात् विश्व महिला दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका सभी ने आंनद लिया। अक्षय महिला समूह की सचिव श्रीमती रोशनी सोनी ने हर कोई कर सकता है तो मैं क्यों नही गीत पर प्रस्तुत किया।

श्रीमती पल्लवी सेन सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने महिला उत्थान की कविता में कामकाजी महिला के स्वरूप का वर्णन किया। श्रीमती सरला द्विवेदी सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान ने सू–मधुर गीत प्रस्तुत किया। सुश्री पायल सोनवानी लैब तकनीशियन ने गीत प्रस्तुत किया। सुश्री मेनका साहू अतिथि सहायक प्राध्यापक ने कविता वाचन किया। सुश्री अंकिता पटेल अतिथि सहायक प्राध्यापक ने गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.मनदीप खालसा ने किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों का स्व–मूल्यांकन करना चाहिये। सन 2012 से 2023 तक विश्व महिला दिवस के थीम के बारे में बताया। छ.ग.में लिंगानुपात की स्थिति अन्य राज्यों की अपेक्षा बेहतर है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे ने कहा कि धरती पर महिलाओं के बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती इसलिए ही कामायनी में जयशंकर प्रसाद जी ने महिलाओं के सम्मान के लिए कहा कि नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग पग तल में ,पीयूष सुतासी वहा उरों, जीवन के सुन्दर समतल में 1 स्व–सहायता समूह की महिलाओं को उनके संघर्ष के लिये उनके उपलब्धियों के लिए प्रसन्न की एवं मनोबल बढ़ाया। अंत में डॉ.हेमवती ठाकुर व्दारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

महिलाओं की सभी महिला अधिकारी/कर्मचारी प्राध्यापक ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)

# पीजी कॉलेज में मनाया महिला दिवस, डॉ. चौबे बोलीं महिलाओं के बिना जीवन की कल्पना नहीं हो सकती

भास्कर न्यूज़ | धमतरी



धमतरी। पीजी कॉलेज में महिला दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

बीसीएस पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम हुआ, जिसका थीम डिजिटल लैंगिक समानता हेतु नवाचार एवं प्रौद्योगिकी थी। इस दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत किया गया। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने कार्यक्षेत्र में आ रही चुनौतियों एवं परिस्थितियों का अनुभव साझा किया। इस अवसर पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं को साल एवं टिफिन देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसका सभी ने आनंद लिया।

प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने कहा कि धरती पर महिलाओं के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, इसलिए ही कामायनी में जयशंकर प्रसाद ने महिलाओं के सम्मान के लिए कहा कि नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग पग तल में, पीयूष सुतासी वहा उरों, जीवन के सुन्दर समतल में। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को उनके संघर्ष के लिए उनके उपलब्धियों के लिए प्रसन्न की एवं मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. हेमवती ठाकुर, स्व-सहायता समूह की लता सोनी, डॉली सोनी, अन्नपूर्णा, सुरेखा सोनी, रोशनी सोनी, पल्लवी सेन, सरला द्विवेदी, पायल सोनवानी, मेनका साहू, अंकिता पटेल, डॉ. मनदीप खालसा आदि उपस्थित थे।


अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
08 मार्च 2023


अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
08 मार्च 2023





# छग में लिंगानुपात की स्थिति बेहतर-मनदीप

धमतरी। शासकीय पीजी कॉलेज के सेमीनार हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिजिटल लैंगिक समानता हेतु नवाचार एवं प्रौद्योगिकी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की थीम है। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत किया गया। लता सोनी स्व-सहायता समूह अध्यक्ष विंध्यवासिनी वार्ड महिला समूह जो दोना पत्तल बनाती है एवं कॉलेज में केण्टीन संचालन करती है ने अपना अनुभव साझा किया। डॉली सोनी अध्यक्ष स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ने बताया कि उनका समूह आचार, पापड़, बिजौरी बनाते है। टीफिन सेंटर चलाते है एक-दो लाख ऋण सहयोग भी प्रदान करते है। अन्नपूर्णा कोषाध्यक्ष ने बताया हमारे समूह में पापड़, आचार के मार्केटिंग पैनल को बताया एवं किसी के घर मृत्यु हो जाये तो वहां भोजन की व्यवस्था करते है। सुरेखा सोनी ने बताया कि उनका रामायण पार्टी है जिससे वे सामाजिक एवं धार्मिक दोनों कार्य करती है। अक्षय महिला समूह की सचिव रोशनी सोनी ने गीत प्रस्तुत किया। पल्लवी सेन सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने महिला उत्थान की कविता में कामकाजी महिला के स्वरूप का वर्णन किया। सरला द्विवेदी सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान, पायल सोनवानी लैब तकनीशियन, मेनका साहू अतिथि सहायक प्राध्यापक, अंकिता पटेल अतिथि सहायक प्राध्यापक ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.मनदीप खालसा ने किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों का स्व-मूल्यांकन करना चाहिये। छग में लिंगानुपात की स्थिति अन्य राज्यों की अपेक्षा बेहतर है। प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे ने जयशंकर प्रसाद जी के कामायनी का उद्धरण देते हुए कहा कि धरती पर महिलाओं के बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती। डॉ.हेमवती ठाकुर व्दारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।